<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा की 19वीं स्टेकहोल्डर्स बैठक: सीएमडी ने अक्षय ऊर्जा के लिए लागत प्रभावी वित्तपोषण के लिए प्रयास के बारे में  प्रकाश डाला



नई दिल्ली, 1 फरवरी 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज वर्चुअल मोड में अपनी 19वीं स्टेकहोल्डर्स की आपसी बातचीत बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता इरेडा के अध्यक्ष एवं  प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने की। इस बैठक में अक्षय ऊर्जा के विभिन्न क्षेत्रों के उधारकर्ताओं को महत्वपूर्ण  अपडेट पर चर्चा करने, इसके लिए सहयोग को बढ़ावा देने और इस  क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ लाया  गया।

अपने उद्घाटन संदेश में, श्री दास ने वित्तीय  वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान  इरेडा की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें व्यवसाय  को आसान बनाने और अक्षय ऊर्जा डेवलपर्स को कम लागत वाले फंड उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने परियोजना डेवलपर्स को लाभ पहुंचाने के लिए उधार लागत को कम करने, पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान  निरंतर व्यावसायिक प्रदर्शन और विकास सुनिश्चित करने के लिए इरेडा के समर्पण को दोहराया।



श्री दास ने कॉरपोरेट सुशासन, पारदर्शिता और अनुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के बारे में  इरेडा के फोकस को भी रेखांकित किया। विशेष रूप से, इरेडा भारत का पहला कॉर्पोरेट बन गया, जिसने केवल नौ दिनों के भीतर अपने तीसरी तिमाही  पूर्ण रूप से लेखापरीक्षित किए गए वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए। उन्होंने हितधारकों से परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने और इरेडा की क्रेडिट रेटिंग को मजबूत करने के लिए अनुपालन, समय पर रिपोर्टिंग और बकाया राशि के निपटान को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के सभी उधारकर्ताओं ने बहुमूल्य सुझाव और प्रतिक्रियाएँ साझा कीं, जोकि  इरेडा की पहलों और रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। इस बैठक में इरेडा के  निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और इरेडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण  भी शामिल हुए।

व्यवसाय भागीदारों ने निरंतर चौथे वर्ष 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त करने, तीसरी तिमाही के मजबूत नतीजों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए इरेडा को बधाई दी, तथा उत्कृष्टता और हितधारक समर्थन के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला गया।